प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 12.04.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना बिलारी:-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्रो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 12.04.2024 को उ0नि0 साहब सिंह थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी बंटी पुत्र रमेश चंद्र निवासी ग्राम सयोडारा थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना बिलारी पर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 211/2024 धारा- 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- सट्टे की खाईबाडी करते 02 आरोपी गिरफ्तार थाना नागफनीः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध / आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 12.04.2024 को उ0नि0 देवेन्द्र सिंह थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपीगण 1.पप्पू प्रजापति पुत्र स्व0 वेदराम निवासी राम गंगा कालोनी लालबाग थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद 2. निक्की पुत्र विष्णु निवासी नवाबपुरा थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को सट्टे की खाईबाडी करते गिरफ्तार किया गया तथा मौके से एक पर्चा सट्टा ,01 पेन व 500 रू0 बरामद किये गये। इस संबंध में आरोपीगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना नागफनी पर मु0अ0सं0- 98/2024 धारा 13G अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।